**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 07-08-2026**

**जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-08-07 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2026-08-08 | 2026-08-09 | 2026-08-10 | 2026-08-11 | 2026-08-12 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 2.0 | 7.0 | 8.0 | 9.0 | 5.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 34.0 | 32.0 | 32.0 | 32.0 | 31.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 27.0 | 28.0 | 27.0 | 27.0 | 26.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 84 | 86 | 86 | 85 | 86 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 68 | 67 | 63 | 59 | 70 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 3 | 3 | 2 | 3 | 2 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 281 | 288 | 265 | 270 | 273 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 6 | 8 | 7 | 8 | 7 |
| चेतावनी | कोई चेतावनी नहीं | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | भारी वर्षा; आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | कोई चेतावनी नहीं |

## पूर्वानुमान सारांश:

आने वाले दिनों में बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना। अधिकतम तापमान 31 से 34 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 2-3 किमी/ घंटा रहने की संभावना है।

## मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

10 अगस्त कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश होने, गरज के साथ बिजली चमकने और गिरने की तेज हवाओं की संभावना है

## मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

अधिक वर्षा होने पर निचले क्षेत्रों में जलभराव से पौधों की वृद्धि प्रभावित हो सकती है तथा पौधों के नष्ट होने की संभावना रहती है।

## सामान्य सलाहकार:

| |
|---|
| किसानों को सलाह दी जाती है कि इस अवधि में फसलों की नियमित निगरानी करें। थ्रिप्स, सफेद मक्खी (व्हाइटफ्लाई), लीफहॉपर जैसे कीटों तथा जड़ सड़न जैसे रोगों का प्रकोप अधिक आर्द्रता के कारण बढ़ सकता है। प्रारंभिक लक्षण दिखाई देने पर उचित नियंत्रण उपाय अपनाएँ। |

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| किसानों को सलाह दी जाती है कि फसलों पर किसी भी प्रकार का छिड़काव वर्षा के पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही करें। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| ग्वारफली | आने वाले दिनों में अधिक आपेक्षिक आद्रर्ता तथा बादल छाये रहने के कारण ग्वार की फसल में चुसने वाले कीड़ो जैसे हरा तेला, थ्रिप्स आदि का प्रकोप बढ़ सकता है। अतः कीटो के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. का 200 एम एल प्रति हेक्टर की दर से साफ़ मौसम में छिड़काव करे। |
| मूँगफली | मूंगफली की फसल में सफेद लट की रोकथाम के लिए चार लीटर क्लोरपायरिफॅास 20 ई.सी. प्रति हैक्टेयर की दर से मिट्टी में मिला कर वर्षा के दिन कतारों के बीच में भुरकाव करें। |
| तिल | तिल की फसल चार सप्ताह की हो गई हो तो नत्रजन की 20 किलो ग्राम मात्रा का प्रति हैक्टेयर में भुरकाव करें। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गाय | पालतू जानवरों को सीधी वर्षा से बचाव के समुचित उपाय करें एवं उनके रहने के स्थल पर पानी इकट्ठा न होने दें तथा बिछावन को सुखा रखें। |

## मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

| |
|---|
| मेघगर्जन एवं आकाशीय बिजली के दौरान खेतों में कार्य न करें तथा सुरक्षित स्थान पर शरण लें। |

## प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

| |
|---|
| जलभराव की संभावना वाले खेतों में उचित जल निकासी की व्यवस्था रखें। |

**Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.**

**Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/**

**Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details**

**Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details**